श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी

## जनकल्याण के साथ आधुनिकता के नए आयाम

## श्री महावीरजी में अब कमरों की ऑनलाइन बुकिंग

**गम्भीर नदी के तट पर प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थापित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी गांव में होते हुए भी अब सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण हो रहा है। नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष श्री नगेंद्र कुमार जैन एवं अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रयासों का ही प्रतिफल है कि अब यहां आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। कमेटी ने अतिशय क्षेत्र को पूरी तरह ऑनलाइन करने का प्रयास शुरू कर दिया है और इस कड़ी में प्रथम चरण में सभी धर्मशालाओं में 50 प्रतिशत कमरों की बुकिंग ऑनलाइन कर दी गई है, बाकी अन्य कमरे व हॉल पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिए जाएंगे, ताकि यात्रियों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। कमेटी की ओर से किए जा रहे कार्यों के फलस्वरूप यहां आने वाले दर्शनार्थियों की संख्या में भी अविश्वसनीय रूप से बढ़ोतरी हुई है और आने वाले समय में यहां हो रहे विकास कार्यों से क्षेत्र की कायापलट जरूर होगी।**

### उत्तम व्यवस्थाएं प्राथमिकता

अतिशय क्षेत्र में यात्रियों के लिए उत्तम व्यवस्थाएं स्थापित करना प्रबंधकारिणी कमेटी की प्राथमिकताओं में हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रबंधकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों ने आपसी सामंजस्य और सूझबूझ के साथ कार्य करते हुए मंदिर परिसर में पधारने वाले श्रद्धालुओं व दर्शनार्थियों के लिए दर्शन, ठहरने की व्यवस्था, खान–पान व साफ–सफाई व्यवस्था में विशेष सुधार किए हैं। सुव्यवस्थित कार्य के लिए विभिन्न समितियों में संबंधित सदस्य संयोजक के सहयोग के लिए 30 सदस्यों को मनोनीत किया गया। सभी सदस्यों के सार्थक सहयोग से धार्मिक कार्यक्रम व आयोजनों के सफल आयोजन के साथ मंदिर व क्षेत्र के संवर्धन एवं विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### विकलांग एवं वृद्ध यात्रियों के लिए लिफ्ट

मंदिर परिसर में आने वाले वृद्ध व विकलांग यात्रियों को दर्शन में किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिए लिफ्ट लगाने का कार्य प्रगति पर है। साथ ही यात्रियों के सामान को लाने ले जाने के लिए ट्रॉली की व्यवस्था की गई है। महावीरजी में आवास सुविधा को सुचारू व इसमें पारदर्शिता बनाये रखने के लिए www.mahaveerji.org वेबसाइट के माध्यम से कमरों की ऑन–लाइन बुकिंग शुरू की गई है। यात्रियों को शुद्ध, स्वादिष्ट एवं पौष्टिक अल्पाहार तथा भोजन उपलब्ध करवाने के लिए भोजनालय की व्यवस्थाओं में भी सुधार किया गया है। भोजनालय, सुरूचि व उपभोक्ता में कार्यरत कर्मचारियों को अन्य कर्मचारियों के साथ गणवेश (नई वर्दी) दी गई है।

### जनकल्याण में भी अहम योगदान

प्रबंधकारिणी कमेटी ने न केवल अतिशय क्षेत्र के विकास पर ध्यान दिया है, बल्कि क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए हैं ताकि गांव के लोगों को छोटी–छोटी समस्याओं को लेकर परेशान न होना पड़े। जिला न्यायाधीश, करौली व सिविल जज, हिण्डौन, सी.जे.एम. एवं सिविल जज, (जे.डी) श्री महावीरजी के सहयोग से से विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र के लोगों को कानूनी जानकारियां सुलभ हो सकें। सोशल सिक्योरिटी फाउण्डेशन, जयपुर एवं गैर सरकारी संगठन पीपुल्स ट्रस्ट के माध्यम से ग्रामीण विधवाओं को सरकार की योजनाओं एवं पेंशन दिलवाने में सहयोग किया जा रहा है। समय समय पर आमजन को सरकार द्वारा जारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

### जनस्वास्थ्य के लिए पुरजोर प्रयास

कमेटी ने क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ करवाने के लिए भी पुरजोर प्रयास किए हैं। श्री महावीरजी एवं क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। भगवान महावीर कैन्सर अस्पताल, जयपुर के सहयोग से कैंसर जागरूकता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। श्रीमती चन्द्रावती सिद्धमल जैन अस्पताल एवं प्रसूति गृह श्री महावीरजी में एक निश्चित तारीख पर मूत्र, गुर्दे एवं पथरी रोगों व कान, नाक व गला रोगों के उपचार हेतु निःशुल्क परामर्श शिविर लगाए गए। जिसमें क्रमशः करीब 48 व 490 मरीज लाभान्वित हुए।

.....2

(2)

**जीर्णोद्धार से निखर रहा मंदिर**

नवनिर्माण, मरम्मत व जीर्णोद्धार के कार्यों से मंदिर व क्षेत्र का स्वरूप निखर रहा है। मुम्बई निवासी श्री जयपालजी के परिजनों के सहयोग से निज मंदिर के मुख्य गुम्बद, तीनों शिखरों, अन्य तीन शिखरों के कलशों पर स्वर्ण कार्य करवाया गया है व अन्य 17 छोटे शिखरों की प्रक्रिया चल रही है। निज मंदिर को मूल स्वरूप में लाने की प्रक्रिया भी चल रही है। कटला परिसर स्थित चार कमरों में आवश्यक रिनोवेशन कर इनका उपयोग शुरू कर दिया गया है। पुराने कमेटी कक्ष परिसर का जीर्णोद्धार पूर्ण कराया गया है। चरण छत्री धर्मशाला के 40 छोटे कमरों की आवश्यक मरम्मत कर उन्हें दुरूस्त कर दिया गया है। कटले परिसर में प्रक्षाल हेतु नहाने व अन्य दर्शनाथियों को गर्म पानी की सुविधा हेतु एक नया सोलर वाटर सिस्टम स्थापित किया गया है। बैंक भवन के जीर्णोद्धार के साथ–साथ नाली का कार्य प्रगति पर है। प्राकृतिक चिकित्सालय में मरम्मत कार्य, इन्वर्टर लगाने के साथ मुस्लिम बस्ती की तरफ करीब 810 फुट सिविर लाइन डाली गई है।

**बनेंगे नए 40 कमरे**

श्री महावीर जी रोड़वेज बस स्टैण्ड के पास, लाला उमराव सिंह जैन वातानुकूलित धर्मशाला में 40 कमरों का प्रस्तावित नवनिर्माण का नक्शा तैयार कर टेण्डर देने की प्रक्रिया प्रगति पर है। अतिशय क्षेत्र की महिमा को द्विगुणित करने की दृष्टि से भगवान महावीर स्वामी जी व मंदिर चित्रित दस ग्राम के चांदी के सिक्के का आचार्य विद्यानन्दजी से दिल्ली में लोकार्पण करवाया गया। मन्दिर फीडर व सीटी फीडर उचित स्थानों पर शिफ्ट करवाये गए हैं। सन्मति धर्मशाला में 200 केवी का डीजे सैट लगवाया गया है साथ ही 320 के.वी. का डी.जी. सेट लगाने की प्रक्रिया जारी है। बाजार की दुकानों के उपर बने रिनोवेट किए 12 कमरों के उपयोग के लिए करीब 1380 फीट की सीवर लाइन डाली गई व बगीची में सेफ्टिक टैंक बनाया गया है। ट्रेन में बैठे–2 ही भगवान महावीर के दर्शनार्थ, रेल्वे स्टेशन पर लगी फोटो को ठीक करवाया गया है। यात्रियों को रेल्वे स्टेशन से मंदिर तक निःशुल्क लाने व ले–जाने हेतु एक नई बस की शुरूआत की गई व दूसरी नई बस प्रकिया में है।

**शिक्षा, साहित्य एवं अन्य क्षेत्रों में भी प्रभावी भूमिका**

प्रबन्धकारिणी कमेटी की ओर से संचालित जैन विद्या संस्थान व इन्टर समर स्कूल ऑफ जैन स्टडीज के सहयोग से विदेशाी स्कॉलर्स का समर कैम्प आयोजित किया गया। इन विदेशी स्कॉलर्स ने जयपुर स्थित नसियां परिसर में वृक्षारोपण कर वृक्ष बचाने व शहर को प्रदूषण रहित करने का भी संदेश दिया। राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, नई दिल्ली व महावीर दिगम्बर जैन पाण्डुलिपि संरक्षण केन्द्र, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में पाण्डुलिपि दिवस के अवसर पर दुर्लभ पाण्डुलिपियों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कमेटी द्वारा संचालित जैन विद्या संस्थान के द्वारा 2 दिवसीय अखिल भारतीय प्राकृत–अपभ्रंश अध्यापकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। जैन विद्या संस्थान की ओर से महावीर पूजांजलि, पउमचरिऊ, जैन धर्म में आचार शास्त्रीय सिद्वान्त भाग – 3, प्राकृत ग्रामर (अंग्रेजी अनुवाद) जैसी पुस्तकें भी प्रकाशित की गई हैं। इसके अलावा अपभ्रंश साहित्य अकादमी (जैन विद्या संस्थान) की वेबसाइट भी बना ली गई है। Apbhransh Sathiya : http://apa.jainapa.com

नसिंया जी परिसर में ''श्रीमती ललिता देवी व रामचन्द्र कासलीवाल'' के नाम से 76 कमरों के वातानूकूलित यात्री निवास के निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया।

भारतीय डाक विभाग द्वारा श्री महावीर जैन मंदिर पर पिक्चर कार्ड, माई स्टेम्प एवं चित्रात्मक मोहर, स्टेट लेवल स्टाम्प प्रदर्शनी में राजस्थान सर्किल, जयपुर की ओर से 5 जनवरी, 2011 को जारी हुआ है।

**विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट, सुझाव भी आमंत्रित**

यात्री श्रीमहावीरजी से संबंधित विस्तृत जानकारी अब इन वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं और अपनी शिकायतें या सुझाव निम्न ई–मेल पते पर भेज सकते हैं।

Website : **shrimahaveerji**.com, e-mail : mahaveerjitrust@gmail.com

Website for online rooms reservation booking : mahaveerji.org ; e-mail : booking@mahaveerji.org

(पुष्पेन्द्र गुप्ता)

(बिशेषाधिकारी)

मोबाइल नम्बर : 9414034007